तापमान

अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

12 1 करोड़ 73 लाख से विकास कार्यों का शुभारंभ



12 फिलाडेल्फिया अस्पताल में क्रिसमिस टेल का आयोजन



## खबर संक्षेप

### केयू ने फार्म भरने की जारी की अधिसूचना

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार परीक्षा शाखा द्वारा यूजी एवं पीजी (वार्षिक) परीक्षा मई-जून 2026 में आयोजित होने वाली प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि यूजी एवं पीजी (वार्षिक) प्राइवेट के लिए फुल पेपर, रीअपीयर, कंपार्टमेंट, एडिशनल, इंप्रूवमेंट, पूर्व छात्र के लिए परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने के लिए आईयूएमएस पोर्टल मई-जून 2026 परीक्षाओं हेतु 23 दिसम्बर 2025 से खोला जा चुका है। उन्होंने बताया कि छात्र पोर्टल के माध्यम से 11 फरवरी 2026 तक बिना विलम्ब शुल्क अपने परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे।

### कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** बीकेडी रोड पर मंगलवार सुबह कार की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक युवक पेंटर का काम करता था। हादसे के समय वह दुकान से चाय लेकर अपनी दुकान पर जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक के दोस्त पंकज ने बताया कि गांव शामली निवासी 25 वर्षीय सुमित बीकेडी रोड पर पेंटर का काम करता था। मंगलवार को वह चाय की दुकान से चाय लेकर अपनी दुकान पर आ रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रही दिल्ली नंबर की एक कार ने सुमित को टक्कर मार दी। जिससे सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी चालक कुछ देर मौके पर रुकने के बाद वहां से भाग गया।

### पुल निर्माण का मनोहर लाल करेंगे शुभारंभ

**पानीपत।** केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल, बुधवार को पुराने औद्योगिक क्षेत्र को जीटी रोड से जोड़ने वाले फ्लाईओवर का भूमि पूजन कर इसके निर्माण की नींव रखेंगे। भूमि पूजन का कार्य हाली पार्क के पीछे खादी कॉलोनी में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के कार्यालय के पास आयोजित होगा।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी में एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पुलिस ने रामनगर इलाके में दबिश देकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राहुल उर्फ छम्मा पुत्र घनश्याम दास, निवासी रामनगर करनाल के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, लैपटॉप, सट्टेबाजी रजिस्टर व अन्य उपकरण बरामद किए गए। आरोपी दुबई व मुंबई लीग के टी-20 मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चला रहा था।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सांसद खेल महोत्सव के समापन पर विजेताओं को किया सम्मानित

# ओलम्पिक 2036 में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेंगे : नायब सैनी

**1.10 लाख खिलाड़ियों ने सांसद खेल उत्सव में हिस्सा लिया**

**सीएम बोले- विश्व में धाकड़ किसान, धाकड़ पहलवान की धरा के रूप में हरियाणा की पहचान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलम्पिक 2036 में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। आगामी ओलम्पिक 2036 में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेंगे और इस प्रदेश के खिलाड़ी धाकड़ किसान, धाकड़ पहलवान की धरा के रूप में विश्व में बनी पहचान को ओर आगे लेकर जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित द्रोणाचार्य स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सांसद खेल महोत्सव 2025 के विजेताओं को नकद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शूटर गुरजोत सिंह और पैरा एथलिट दिलबाग सिंह हिसार को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सांसद नवीन जिंदल की तरफ से खेल महोत्सव 2025 पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस सफल आयोजन पर सांसद नवीन जिंदल और इनकी पूरी टीम को बधाई दी है कि इस सांसद खेल महोत्सव 2025 में सबसे ज्यादा एक लाख 10 हजार खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।



कुरुक्षेत्र। खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सांसद नवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

### 1472 खेल नर्सरियों में तैयार हो रहे खिलाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में साल भर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए खेल कैलेंडर भी तैयार किया जाता है। इसके अनुसार खेल महाकुम्भ, राज्यस्तरीय अखाड़ा दंगल, मुक्केबाजी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, बास्केटबॉल, हैंडबॉल इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। हरियाणा में 11 साल पहले खेलों के लिए एक विजन विकसित किया था। वह विजन था हर बच्चे को खेल से जोड़ने का, हर गांव में खेल का मैदान बनाने का और हर उस युवा को अवसर देने का, जिसमें खेल के प्रति ललक है। इस विजन का लक्ष्य है कि हरियाणा को न केवल भारत की, बल्कि विश्व की खेल राजधानी बनाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हरियाणा को खेलों की नर्सरी कहा जाता है। हमारे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। ऐसी ही प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हमने अनेक कदम उठाए हैं। बचपन से ही खिलाड़ियों को तराशने के लिए प्रदेश में खेल नर्सरियां खोली हुई हैं। इनमें उन्हें वित्तीय सहायता व प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस समय प्रदेश में 1 हजार 472 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। इनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### 683 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाए हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाए गए। हमने 231 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए क्लास-वन से क्लास-फोर तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि हम पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये तक के नकद पुरस्कार देते हैं। हमने अब तक 16 हजार 418 खिलाड़ियों को 683 करोड़ 15 लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिए हैं। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है। राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 24 हजार से अधिक छात्रों को 70 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि हम खिलाड़ियों को खेल उपकरण भी उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके लिए हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना बनाई है। इसके तहत 15 हजार 634 खिलाड़ियों को उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं।

### कबड्डी प्रतियोगिता में पूंडरी प्रथम

सांसद खेल महोत्सव 2025 में पुरुषों वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में पूंडरी प्रथम, महिला वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में पूंडरी की टीम प्रथम, पुरुष वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में पूंडरी प्रथम, महिला वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में मद्दिपुर की टीम प्रथम, पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में पूंडरी प्रथम, महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में पूंडरी प्रथम, खो-खो प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में ग्राम पंचायत हरसोला प्रथम, खो-खो प्रतियोगिता महिला वर्ग में डुलियानी पूंडरी प्रथम, रस्साकशी महिला वर्ग में गुहला की टीम प्रथम, रस्साकशी पुरुष वर्ग में रादौर से सढ़ौरा की टीम प्रथम रही, पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूंडरी की टीम प्रथम, वॉलीबॉल महिला वर्ग में अमीन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### हर गांव में देंगे जिम का सामान : जिंदल

सांसद नवीन जिंदल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव 2025 केवल एक समापन समारोह नहीं है, अपितु कुरुक्षेत्र में खेल युग की एक नई शुरुआत है। उनका सपना है कि कुरुक्षेत्र के हर गांव के अंदर खेलों का सामान और प्रशिक्षक उपलब्ध करवाए जाएं। इस लक्ष्य को लेकर आगामी एक साल में खेल स्टेडियम और आगामी दो सालों में हर गांव में जिम का सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा खेल मैदान तक पहुंचेंगे और नशे जैसी बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी, सुभाष कलसाना, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, सुशील राणा, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, ईश्वर सिंह, चेयरमैन जयपाल सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल जेएस मान, सेवानिवृत आईएएस धर्मवीर, राममेहर शास्त्री, ओलम्पियन सुरेंद्र पालड, अर्जुन अवॉर्डी दलेल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अब ज्योतिसर अनुभव केंद्र में 5 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क एंट्री, छात्रों के लिए 50 रुपये लगेंगे

■ शुल्क दरें कम करने के डीसी के प्रस्ताव पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का अवलोकन करने के लिए विद्यार्थियों की शुल्क दरों को कम करने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा था। सरकार ने इस प्रस्ताव पर मोहर लगा दी है। अब 5 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थी से केवल 50 रुपये प्रति टिकट के लिए लिए जाएंगे। इससे पहले सरकार ने विद्यार्थी के लिए प्रति टिकट की राशि 200 रुपये निर्धारित की थी। अहम पहलू यह है कि हरियाणा के पर्यटन विभाग ने वीक डेज और वीकेंड के लिए प्रति व्यक्ति टिकट की राशि को नए सिरे से निर्धारित किया है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 नवंबर को ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का अवलोकन किया था। इस अवलोकन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के साथ-साथ देश भर में ज्योतिसर अनुभव केन्द्र की तारीफ की। विद्यार्थियों की टिकट की राशि को कम करने के लिए पर्यटन विभाग के पास एक प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव में विद्यार्थियों की टिकट की राशि 200 रुपये से कम करके 50 रुपये की गई थी। सरकार ने प्रशासन के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए विद्यार्थियों की टिकट राशि 200 रुपये की बजाय 50 रुपये कर दी है। इसके अलावा पर्यटन विभाग ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की टिकट निशुल्क रखी है और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए वीक डेज सोमवार से शुक्रवार तक 100 रुपये प्रति विद्यार्थी और वीकेंड शनिवार व रविवार को 150 रुपये प्रति विद्यार्थी टिकट की दर निर्धारित की है।

### आम नागरिकों के लिए 200 रुपये की टिकट



डीसी ने कहा कि अन्य भारतीय नागरिकों के लिए वीक डेज में 200 रुपये प्रति व्यक्ति और वीकेंड पर 250 रुपये प्रति व्यक्ति तथा विदेशी नागरिकों के लिए वीक डेज में 500 रुपये प्रति व्यक्ति तथा वीकेंड पर 600 रुपये प्रति व्यक्ति की टिकट निर्धारित की है। उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूल या कॉलेज का आई कार्ड दिखाना होगा तथा विद्यार्थी आयु प्रमाण के लिए आधार कार्ड भी दिखा सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि इस भव्य अनुभव केन्द्र का अवलोकन जरूर करें।


### खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाकर व्यक्ति से मारपीट

**यमुनानगर।** गांव दसौरा में कुछ लोगों ने विश्वास कुमार की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार विश्वास कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके खेतों में फसल उगी है। गांव का ही अंकित, अनिल, प्रिंस, लक्की, शिवानी, सलेलता, कर्णपाल और विशाल उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिस कारण आरोपी उससे रंजिश रखे हुए हैं। विश्वास कुमार ने बताया कि आरोपियों ने दो दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच उसके खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया। जब वह खेतों में गया तो उसे फसल खराब पड़ी मिली। उसने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच की तथा मारपीट की। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कैरोके गायकों ने सदाबहार गीतों से सुर उत्सव का आगाज किया

■ अवतार सिंह तारी और उर्मिल मक्कड़ ने गीत से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

करनाल क्लब में आयोजित सदाबहार गीतों के विशेष कार्यक्रम में शहर के जाने-माने कैरोके गायक अवतार सिंह तारी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ उनकी पत्नी उर्मिल मक्कड़ ने भी गायन में सहभागिता निभाई। दोनों ने मनोज कुमार अभिनीत फिल्म क्रांति का प्रसिद्ध गीत "जिंदगी की टूटे ना लड़ी, प्यार कर ले घड़ी दो घड़ी" प्रस्तुत कर पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन चाहत कराओके अकादमी द्वारा सुर उत्सव मेगा कराओके इवेंट के रूप में करनाल क्लब में किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष संजय बठला, डायमंड रक्तदाता व पर्यावरण प्रहरी अशोक वर्मा, समाजसेवी सावी चौधरी, पूनम राजेश ग्रोवर, सरदार जरनैल सिंह, प्रदीप त्यागी, पंकज गर्ग, संजीव गोस्वामी, स्व-कला फाउंडेशन के अशोक राणा व कुलदीप मलिक मौजूद रहे। इस मेगा इवेंट में चंडीगढ़, जालंधर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, कैथल व करनाल से आए अनेक सुरीले गायकों ने मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम मैनेजर किरण चड्डा का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान चाहत कराओके अकादमी के दिवंगत संचालक विनोद वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### 1 से 15 जनवरी तक सभी स्कूलों में रहेगा शीतकालीन अवकाश

**अम्बाला।** जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में 1 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। 16 जनवरी से विद्यालय पुनः खुलेंगे। अवकाश अवधि के दौरान सीबीएसई, आईसीएसई व अन्य बोर्डों के मानकों के अनुसार 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए विद्यालय में बुलाया जा सकता है।

**निर्देश** कुरुक्षेत्र में आयोजित दिशा की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

# सीएम सिटी में रिंग रोड और यमुनानगर-पिहोवा फोरलेन के लिए 15 तक सर्वे करें पूरा : जिंदल

**एनएचएआई का 23 नवंबर से सर्वे चल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिंदल ने सीएम सिटी कुरुक्षेत्र में रिंग रोड बनाने के साथ-साथ यमुनानगर-पिहोवा मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई को 15 जनवरी तक सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए। एनएचएआई द्वारा पिहोवा, लाडवा, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर में वाहनों की संख्या, ट्रैफिक लोड, वाहनों की कैटेगरी सहित अन्य बिंदुओं पर 23 नवंबर से सर्वे चल रहा है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग को कुरुक्षेत्र से ढांड और पिहोवा से चीका मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद नवीन जिंदल मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित दिशा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक शाहाबाद रामकरण काला, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मौजूद रहे। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि एनएचएआई नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करते हुए ऐसे सर्वों को करने में तेजी लाएं। विदेशों की सफल और अच्छी तकनीकों को शामिल किया जाए।



कुरुक्षेत्र। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते सांसद नवीन जिंदल।

### सांसद ने प्रजेंटेशन में दिखाई सड़कों की हालत, जल्द मरम्मत के निर्देश

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र मुख्यमंत्री का शहर है, इसलिए इस शहर की सड़कों को अच्छा बनाने के लिए संबन्धित विभाग के अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें। इन सरकारी एजेंसियों के अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा खामियों को समय रहते दुरूस्त करें। दिशा बैठक में सांसद नवीन जिंदल ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की फीडबैक ली। इतना ही नहीं सांसद नवीन जिंदल ने स्वयं पीपीटी के माध्यम से ककराला गुजरान से इशाक, मांगना से गुलडेरा, सन्धौला से पिहोवा व कैंथला से जलबेहड़ा की सड़कों की वास्तविक तस्वीर दिखाते हुए निर्धारित समय अवधि के अंदर रिपेयर और निर्माण पूरा करने के आदेश दिए। सांसद ने कहा कि द्रोणाचार्य स्टेडियम के सामने मुख्य सड़क के साथ-साथ शहर की अन्य सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर सख्त आदेश देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में सड़कों का निर्माण करने अच्छी एजेंसियों को ही कार्य अलॉट किया जाए। अगर कोई एजेंसी सड़क निर्माण कार्य में देरी करती है या घटिया सामग्री का प्रयोग करती है तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए।

#### 153 कार्य सेंक्शन, 149 कार्य पूरे

सांसद ने कहा कि एमपी लैंड के तहत कुरुक्षेत्र में 153 कार्य सेंक्शन किए गए और इनमें से 149 कार्य पूरे हो चुके हैं तथा 3 कार्य प्रगति पर हैं और एक लम्बित कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा। इन विकास कार्यों पर 14 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्य एजेंडे पर प्रकाश डाला। इस मीटिंग का संचालन जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी ने किया। विधायक अशोक अरोड़ा ने डी प्लान के तहत विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए कहा और एलएनजेपी अस्पताल में मरीजों के लिए अतिरिक्त कमरों की व्यवस्था करने का विषय भी रखा। विधायक रामकरण काला ने मारकंडा के निकट बाढ़ राहत कार्यों को शुरू करने तथा बराड़ा रोड पर बाबा बंदा सिंह बहादुर गेट निर्माण कार्य को पूरा करने का विषय रखा। इस मौके पर एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम शाश्वत सांगवान, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, एसडीएम अनिल दून, एसडीएम अनुभव मेहता उपस्थित थे।

## चोरों ने सूने घर से चुराए हजारों रुपये के आभूषण

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव खुंडेवाला में चोरों ने सूने घर में घुसकर हजारों रुपये की कीमत के आभूषण व मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खुंडेवाला निवासी कुलदीप कुमार ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 19 दिसंबर को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। जब वह 21 दिसंबर को वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने का सेट, टोपस, पायल तथा मोबाइल गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 85 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव रपौली निवासी तेजबीर ने बताया कि वह साइकिल पर अपने खेतों में गया था। उसने साइकिल खड़ी करके जेब से मोबाइल निकालकर अपना काम करने लगा। इस दौरान खेत में खड़ी उसकी साइकिल व मोबाइल चोरी हो गया। जांच करने पर पता चला कि उसकी साइकिल व मोबाइल संदीप कुमार ने चोरी किया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**करनाल।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, बिजली संशोधित बिल 2025 और एटॉमिक एनर्जी बिल 2025 के विरोध में राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर-12 में धरना दिया। कर्मचारियों ने तीन घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल भी की। धरने की अध्यक्षता मेरठ रोड, सबअर्बन, रामनगर व मॉडल टाउन सब यूनिटों के प्रधानों ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन यूनिट उप-प्रधान रमेश शर्मा ने किया। मांगों का ज्ञापन उपमंडल अधिकारी को हरियाणा सरकार के बिजली मंत्री के नाम सौंपा गया।

### नव नियुक्त एसडीएम प्रदीप ने संभाला पदभार



**करनाल।** करनाल के नव नियुक्त एसडीएम प्रदीप कुमार ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और ईमानदार समाधान होना चाहिए। उन्होंने सरल केंद्र का निरीक्षण कर नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती पर गोष्ठी



करनाल। देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती करनाल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित किसान गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों व संगठन पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र घुम्मन ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं।

---

संपत्ति कर डिफाल्टरों पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई

# 4 संपत्तियां सील, 3 बकायादारों ने मौके पर 2.23 लाख जमा किए

निगम की कार्रवाई के दौरान उप निगम आयुक्त अभय सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया।

***मॉडल टाउन छोटी मार्केट की दुकानें, फर्नीचर मार्केट स्थित ग्रोवर फर्नीचर और मच्छी मार्केट स्थित मानसरोवर होटल को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत सील किया गया। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जानकारी दी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

संपत्ति कर वसूली को लेकर नगर निगम करनाल ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को औचक कार्रवाई की। नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने 7 वाणिज्यिक संपत्तियों पर अटैचमेंट की कार्रवाई की, जिसमें बकाया कर न भरने पर 4 संपत्तियों को सील कर दिया गया।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि मॉडल टाउन छोटी मार्केट की दुकानें, फर्नीचर मार्केट स्थित ग्रोवर फर्नीचर और मच्छी मार्केट स्थित मानसरोवर होटल को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत सील किया गया। वहीं नगर निगम की कार्रवाई के दौरान 3 संपत्ति मालिकों ने मौके पर ही कुल 2,23,311 रुपये संपत्ति कर जमा कर अटैचमेंट से बचाव किया। उप निगम आयुक्त अभय सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था।



करनाल। संपति कर बकाया पर कार्रवाई करते नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम। फोटो : हरिभूमि

### टीम में यह रहे मौजूद

नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम। में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक महावीर मलिक, एक्सपर्ट करण शर्मा, निगम स्टाफ और पुलिस बल शामिल रहा।

---

# काछवा गांव में विकास कार्यों की सौगात

■ विधायक जगमोहन आनंद ने किया शिलान्यास व उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सरकार ने पिछले दो कार्यकालों में सबका साथ–सबका विकास की नीति पर चलते हुए विकास को नई दिशा दी है और वर्तमान में भी सभी जनप्रतिनिधि इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव और शहर का समान विकास सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक जगमोहन आनंद मंगलवार को गांव काछवा में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा लिए गए सबका साथ–सबका विकास के संकल्प को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आगे बढ़ा रही है। आज सभी मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि इसी नीति पर चलते हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतार रहे हैं।



करनाल। विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करते विधायक जगमोहन आनंद।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर गांव की सरपंच सुशीला देवी, सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, मंडल महामंत्री बंसी लाल कलामपुरा, पूर्व सरपंच बिट्टू, जोगिंदर सिंह, राजबीर खोखर कलामपुरा, देवेंद्र गुर्जर पुण्डरक, गुरमीत बाजीगर, प्रदीप भाटिया, पालेराम धनखड़, निशांत शर्मा शानू आदि उपस्थित रहे।

### एक दर्जन से अधिक विकास कार्यों की सौगात

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव में एक दर्जन से अधिक विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें एक करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से गुगामाड़ी से स्टेडियम तक सड़क निर्माण, करीब 75 लाख रुपये की लागत से गुरुद्वारा बहलोलपुर रोड तक फिरनी के पुनर्निर्माण का शिलान्यास शामिल रहा। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से राय फार्म में सामुदायिक केंद्र, 15 लाख रुपये से निर्मित कश्यप चौपाल का उद्घाटन तथा 25 लाख रुपये की लागत से हरिजन चौपाल निर्माण का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही खेड़े के नजदीक सामुदायिक हॉल को पूर्ण करने के लिए 10 लाख रुपये, रोड चौपाल के प्रथम तल के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, सुनार चौपाल के उद्घाटन के लिए 15 लाख रुपये, रायसिख चौपाल, ओढ़ चौपाल तथा गोगामाढ़ी की चारदीवारी निर्माण के लिए 10-10 लाख की लागत से कार्यों का शिलान्यास किया गया। वहीं भट्ट चौपाल और वाल्मीकि चौपाल के नवीनीकरण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया।

### जुंडला में घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**करनाल।** जुंडला क्षेत्र में दिनदहाड़े घर को निशाना बनाकर चोरी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घर के मालिक के बाहर जाने का फायदा उठाते हुए दरवाजा तोड़ा और भीतर रखे कीमती आभूषण व नगदी चोरी कर फरार हो गया था। थाना सदर के अंतर्गत पुलिस चौकी जुंडला की टीम को सूचना मिली थी कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी इलाके में ही मौजूद है। मुख्य सिपाही अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी और आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान चांद सराय निवासी मंगल पुत्र अशोक के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा सोने की एक बाली, चांदी के आभूषण और 5 हजार नकद बरामद किए गए हैं। जुंडला निवासी सुंदरलाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 दिसंबर को वह परिवार सहित घर से बाहर गया हुआ था।

---

### करनाल प्रॉपर्टी डीलर्स एसो. को मिला नया प्रधान, रितेश आर्य का फूल मालाओं से स्वागत

**करनाल।** शहर के प्रॉपर्टी डीलर्स को संगठित करने वाले न्यू करनाल प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक जिमखाना क्लब में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से रितेश आर्य को संगठन का प्रधान चुना गया। चुनाव की घोषणा के साथ ही बैठक स्थल तालियों से गूंज उठा और उपस्थित सदस्यों ने फूल मालाओं के साथ नवनिर्वाचित प्रधान का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में करनाल के बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी डीलर्स उपस्थित रहे। चुनाव पूरी तरह आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे संगठन की मजबूती और आपसी विश्वास साफ झलकता नजर आया। चुनाव के बाद डीलर्स के चेहरों पर संतोष और उत्साह दिखाई दिया। नवनिर्वाचित प्रधान रितेश आर्य ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को सभी को साथ लेकर चलने की नीति पर आगे बढ़ाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से प्रवीन वर्मा, नवीन जुनेजा, प्रवीन खुराना, विनय आर्य, सतपाल खोखर, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र छाबड़ा, विजय वर्मा, गुलशन नरंग एवं अमित शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने नए प्रधान को बधाई देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का भरोसा दिलाया।



### विधायक रामकुमार ने शीतकालीन सत्र में इंद्री के बाईपास को चौड़ा करने सहित रखें कई अहम मुद्दे



इंद्री। शीतकालीन सत्र मे इंद्री विधानसभा से संबंधित समस्याएं रखते विधायक रामकुमार कश्यप ।

इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान इंद्री विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण और जनहित से सम्बन्धित मुद्दों को मजबूती से सदन के पटल पर रखा। उन्होंने इंद्री शहर में जाम से निजात पाने के लिये इंद्री अनाज मंडी को जोड़ने वाले बाईपास को चौड़ा कर बनाने की मांग रखी। विधायक ने कहा कि गांव नेवल और चौगांवा की सडक जो कि जिला यमुनानगर और उत्तर प्रदेश राज्य को जोड़ती है, वह काफी खस्ता हाल में हैं। इस सडक का कई बार टेंडर हो चुका है लेकिन अभी तक यह बनी नहीं है। उन्होंने इस सडक को जल्द से जल्द बनवाने का अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने गांव संगोहा व गढ़ी बीरबल में ग्राम सचिवालय बनवाने तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों के कंड़म हो चुके 10 कमरों के निर्माण करवाने से संबंधित अपनी मांग सदन के पटल पर रखी। इसके साथ-साथ गांव नन्हेड़ा के सरकारी स्कूल में 6 कमरों, सैद छपरा के स्कूल में 4 कमरों, खेड़ी मान सिंह स्कूल में 12 कमरों, खानपुर स्कूल में 7 कमरों, गढ़ी जाटान स्कूल में 10 कमरों के निर्माण सम्बन्धी मांग भी रखी। विधायक ने विस सत्र के दौरान कहा कि नई-नई कालोनियां, सैक्टर और गांव विकसित हो रहे हैं। लोग मकानों व दुकानों के आगे बड़े व उंचे रैम्प बना लेते हैं, जिस कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, ये रैम्प कितने बड़े या उंचे होने चाहिए, इसका कोई निश्चित पैरामीटर नहीं है। उन्होंने सरकार से मकानों व दुकानों के आगे बनने वाले रैम्पों का पैरामीटर तय करने का मुद्दा उठाया ताकि आने वाले समय में इस प्रकार की असुविधा पैदा न हो। इंद्री शहर मे जाम से निजात दिलवाने के लिए मात्र एक ही बाईपास है जाकि पिछले कई वर्षो से खस्ताहाल में है।

### डबवाली अग्निकांड में शहीद एसडीएम सोमनाथ व पत्नी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



इंद्री। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला इंद्री के प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे उपस्थित बच्चे व आयोजक ।

**इंद्री।** डबवाली अग्निकांड में बच्चों को बचाते हुए शहीद हुए डबवाली के तत्कालीन एसडीएम सोमनाथ व उनकी पत्नी के शहादत दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला इंद्री के प्रांगण में समाजसेवी एवं पर्यावरण मित्र महिंद्र खेड़ा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने भाग लिया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने शहीद सोमनाथ के बच्चों प्रखर व समीर की ओर से स्कूल के सभी बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए ऊनी टोपियाँ तथा बेसहारा बच्चों को जर्सियां वितरित की। कार्यक्रम में शहीद सोमनाथ व उनकी पत्नी को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए धर्मपाल चौधरी ने कहा दृढ़ निश्चय, कठिन मेहनत, लगन और त्याग के बल पर जिंदगी में मनचाहा मुकाम हासिल किया जा सकता है। पर्यावरण मित्र व समाजसेवी अध्यापक महिंद्र खेड़ा ने कहा कि गरीबी से निजात पाकर प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर काम करना उनके लिए गर्व की बात थी। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा कभी उनके ऊपर हावी नहीं हुई । उन्होंने कहा कि डबवाली में स्कूल कार्यक्रम के दौरान शामियाना में आग लग गई तब वह वहां से बचकर निकल सकते थे, लेकिन आत्मा की आवाज पर उन्होंने बच्चों को बचाना शुरू कर दिया और आग की चपेट में आ गए। महेंद्र कुमार ने कहा कि उनकी बहादुरी को देखते हुए सरकार ने उनको शहीद का दर्जा दिया। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सुमन बाला कांबोज, सुरेश ग्रोवर, संजीव कुमार, शमशेर सिंह, पुनीत व सरोज ने भी श्रद्धांजलि दी।

### रोबोटिक तकनीक से हार्ट सर्जरी अब ज्यादा सुरक्षित

**करनाल।** दिल की सर्जरी के क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक ने उपचार को अधिक सुरक्षित, सटीक और आसान बना दिया है। कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी में रोबोटिक कार्डियक सर्जरी के जरिए अब बड़े चीरे की आवश्यकता कम हो गई है और छोटे की-होल चीरे से ही जटिल ऑपरेशन संभव हो पा रहे हैं। सर्जन कंसोल से रोबोटिक सिस्टम को नियंत्रित करते हैं, जिससे सर्जरी में बेहतर नियंत्रण और सटीकता मिलती है। हाई-डेफिनिशन थ्री-डी विज़न और विशेष रोबोटिक आर्म्स की मदद से दिल की बारीक नसों और ऊतकों पर बेहद सूक्ष्म कार्य किया जाता है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के सीटीवीएस विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. आदित्य कुमार सिंह के अनुसार रोबोटिक तकनीक से माइट्रल वाल्व रिपेयर, एएसडी क्लोजर, चयनित मामलों में कोरोनरी बाईपास, कार्डियक ट्यूमर हटाना और एट्रियल फिब्रिलेशन की सर्जरी सुरक्षित तरीके से की जा रही हैं।

---

डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और आपदा प्रबंधन में उल्लेखनीय उपलब्धियां

# स्मार्ट राजस्व प्रशासन में करनाल बना अग्रणी जिला

लगभग 5 लाख अपडेट पूरे कर राजस्व रिकॉर्ड को पूर्णतः डिजिटल और अद्यतन बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

प्रदेश में राजस्व सेवाओं को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में करनाल जिले ने इस वर्ष उल्लेखनीय कार्य करते हुए प्रदेश में अग्रणी स्थान हासिल किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने डिजिटलीकरण, जन-सुविधा और आपदा तैयारी के क्षेत्रों में कई प्रभावी पहलें लागू की हैं। हरियाणा राज्य लार्ज स्केल मैपिंग प्रोजेक्ट के तहत सर्वे ऑफ इंडिया के सहयोग से जिले की सभी 436 राजस्व संपदाओं की डिजिटल मसावी तैयार की गईं। जिला मुख्यालय पर स्थापित आधुनिक आईटी लैब में खसरा स्तर पर विभाजन अंकित कर वर्षों पुरानी त्रुटियों और लंबित म्यूटेशन का समाधान किया गया।




करनाल। राजस्व विभाग की डिजिटल सेवाओं से लाभान्वित होते नागरिक।

***रोवर्स (डीजीपीएस-ईटीएस) से पैमाइश परियोजना के अंतर्गत अब नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर सटीक व समयबद्ध पैमाइश प्राप्त कर रहे हैं।***

### करीब 5 लाख अपडेट

लगभग 5 लाख अपडेट पूरे कर राजस्व रिकॉर्ड को पूर्णतः डिजिटल और अद्यतन बनाया गया। रोवर्स (डीजीपीएस-ईटीएस) से पैमाइश परियोजना के अंतर्गत अब नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर सटीक व समयबद्ध पैमाइश प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही पेपरलेस रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू होने से दस्तावेज़ पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो गई है। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एनडीआरएफ के सहयोग से रासायनिक रिसाव, भूकंप और अग्निशमन से संबंधित मॉक ड्रिल आयोजित की गईं। जिला गोताखोर टीम ने वर्ष भर जल दुर्घटनाओं में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में अहम भूमिका निभाई।

---

## खबर संक्षेप



तरावड़ी। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चौधरी चरण सिंह को शत-शत नमन : मधु गुप्ता

तरावड़ी। किसान दिवस के अवसर पर नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें याद करते हुए पुष्प अर्पित किए। श्रीमती मधु गुप्ता ने अपने संदेश में चौधरी साहब की सादगी तथा शालीनता का उल्लेख करते हुए ऐसा आचरण रखने को कहा। उन्हीं की याद में उनके जन्मदिवस को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने उन्हें आज की पीढ़ी के लिए एक महान प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर मुनीष मित्तल, सुनीता गाबा, रमेश कुमार, हरीश दहिया,दिनेश राणा, अमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### गामड़ी में बिना आदेश कब्जा हटाने का आरोप

करनाल। करनाल के अंसल टाउन गामड़ी क्षेत्र में जमीन को लेकर विवाद उस समय गहरा गया, जब स्थानीय लोगों ने बिना कोर्ट आदेश और बिना ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी के कब्जा हटाने की कार्रवाई का आरोप लगाया। पीड़ितों का कहना है कि अंसल टाउन की ओर से बाउंसरों को बुलाकर जेसीबी मशीन से खेतों में खड़ी फसल उजाड़ दी गई। पीड़ित परिवारों का दावा है कि वे पिछले चार पीढ़ियों से इस जमीन पर रह रहे हैं और मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद आज अचानक जेसीबी और बाउंसर मौके पर पहुंचे। जब उनसे कानूनी आदेश दिखाने को कहा गया तो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। लोगों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान वीडियो बनाने पर महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की गई और मोबाइल छीनने की कोशिश हुई। आरोप है कि मौके पर लगभग 70 बाउंसर मौजूद थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिला बाउंसर भी शामिल थीं। एक पीड़ित युवक ने बताया कि उसकी मां को जमीन पर घसीटा गया। ग्रामीणों का कहना है कि वैध कब्जा हटाने की कार्रवाई में प्रशासनिक अधिकारी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी अनिवार्य होती है, जबकि यहां बाउंसरों को आगे कर दिया गया। लोगों ने पुलिस पर भी कार्रवाई को संरक्षण देने के आरोप लगाए हैं। पीड़ितों ने बताया कि वे तीन दिन पहले करनाल के एसपी से मिल चुके थे और स्पष्ट निर्देश मिले थे कि कोर्ट के आदेश के बिना कोई कार्रवाई नहीं होगी। इसके बावजूद आज फसल नष्ट कर दी गई। लोगों का आरोप है कि जैसे ही मीडिया मौके पर पहुंची, बाउंसर और प्रशासनिक अमला वहां से हट गया। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



■ जेसीबी से फसल नष्ट करने और महिलाओं से मारपीट का दावा

### कृषि उपनिदेशक को सौंपा ज्ञापन

**करनाल।** जिले के कई थोक खाद विक्रेताओं द्वारा कंपनियों के अमानक व अवांछनीय उत्पाद जबरन दुकानदारों को बेचने के खिलाफ जिला करनाल फर्टिलाइजर्स, पेस्टीसाइड्स एवं सीड्स ट्रेडर्स एसोसिएशन ने कृषि उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को एसोसिएशन के पदाधिकारी व दुकानदार कृषि उपनिदेशक कार्यालय पहुंचे और अधिकारी सुशील बजाड़ को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान राम कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में कई थोक खाद विक्रेता खाद के साथ गैर-जरूरी उत्पादों की जबरन टैगिंग कर रहे हैं। यदि दुकानदार ऐसे उत्पाद लेने से मना करता है तो उसे खाद न देने की धमकी दी जाती है। इस कारण दुकानदारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एसोसिएशन ने मांग की कि दोषी थोक विक्रेताओं व कंपनियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए तथा जबरन टैगिंग पर रोक लगाई जाए। मौके पर बृजलाल गर्ग, राधेश्याम राणा, पवित्र सिंह, सुशील गर्ग, विकास बंसल, देवेंद्र चौहान, विनोद गोयल, महेंद्र कुमार गोयल, सुमित कांबोज, पवन अग्रवाल, गोपीचंद आर्य, राजकुमार गर्ग, सुशील गुप्ता, कुलदीप बांगड़, प्रवीण शर्मा, कपिल गुप्ता सहित अनेक दुकानदार उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, 63 मरीजों की जांच

**करनाल।** मानव सेवा संघ के प्रांगण में अर्पणा ट्रस्ट अस्पताल मधुबन के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सभी रोगों की नि:शुल्क जांच एवं उपचार हेतु एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 63 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा सभी को आवश्यक नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत 5 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया गया, जिन्हें अर्पणा ट्रस्ट अस्पताल मधुबन में नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु भेजा गया। इस अवसर पर मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेम मूर्ति जी ने शिविर में पहुंचे सभी चिकित्सकों, उनकी टीम एवं मरीजों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में अर्पणा ट्रस्ट अस्पताल की संचालिका सीमा बाली, डॉ. भगत राम खण्डवाल एडवोकेट, महेंद्र नरवाल, डॉ. सतपाल, वीर भान सोलंकी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. भगत राम खण्डवाल एडवोकेट ने बताया कि अर्पणा ट्रस्ट द्वारा करनाल मानव सेवा संघ में प्रत्येक माह की 23 तारीख को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। अगला नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 23 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

किसान दिवस पर करनाल के किसानों को मिला विशेष सम्मान

### संरक्षित खेती के लिए शेर सिंह व सविता सम्मानित




**करनाल।** कृषि विज्ञान केंद्र उचानी के कोऑर्डिनेटर डॉ. महा सिंह ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को किसान दिवस मनाया गया। सिरसा के किसान को किसान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित किसानों को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किए गए। करनाल जिले का नाम भी इस सम्मान सूची में शामिल रहा। करनाल जिले के गांव सुभरी निवासी शेर सिंह को संरक्षित खेती के माध्यम से सब्जी उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान के लिए तथा अगोंध गांव की सविता रानी को प्राकृतिक सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने प्रगतिशील किसानों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के किसान कृषि तंत्र की रीढ़ की हड्डी हैं और उनकी मेहनत से ही खेती निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने सम्मान प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी। मौके पर जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार कौशिक, डॉ. किरण खोखर, अन्य जिलों के कृषि अधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

### महिला समाजसेवियों ने बुजुर्गों को कंबल बांटे

करनाल। वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल की महिला शक्ति शाखा द्वारा सर्दी के मौसम में जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता के लिए 95 उच्च गुणवत्ता वाले कंबल वितरित किए गए। प्रकल्प की शुरुआत कैथल रोड स्थित सुभद्रा वृद्ध आश्रम से की गई, जहां 30 आश्रितों को कंबल देने के साथ-साथ भोजन प्रसाद भी वितरित किया गया।इसके बाद महिला शक्ति समूह ने घोघड़ीपुर स्थित कुष्ठ आश्रम के आश्रितों तथा सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के कर्मचारियों को भी कंबल भेंट किए। इस मानवीय पहल के लिए वृद्ध आश्रम की संचालिका नीलू सैनी, कुष्ठ आश्रम के आश्रितों और अग्रसेन भवन के कर्मचारियों ने महिला शक्ति शाखा का आभार जताया। मौके पर समूह प्रधान अंजलि बंसल, ममता गोयल, संगीता गुप्ता, ममता गुप्ता, मीनाक्षी जैन, नीलम गोयल व सुमन गुप्ता मौजूद रहीं।



## खबर संक्षेप

### सीआईए ने मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने निंबरी गांव के अड्डे पर घागा कारोबारी दो सगे भाइयों व सुरवाइजर से मारपीट और गंभीर चोट मारने के दो आरोपियों अजय उर्फ बूरा व बलराज उर्फ सन्नी निवासी गांव निंबरी के गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि इस मामले में थाना चांदनी बाग में पानीपत की दयाल कॉलोनी निवासी मोहन पुत्र भूवनेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### आभूषण और नकदी चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** एंटी एक्सटॉर्शन सेल पुलिस की टीम ने गढ़ सरनाई गांव में घर से आभूषण व नगदी चोरी मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी कुलविंदर को गिरफ्तार किया है। आरोपी इसी गांव का निवासी है, वहीं पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके इसी गांव के निवासी जगमिंद्र उर्फ छोटू के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को करना स्वीकारा। इधर, एंटी एक्सटॉर्शन सेल इंचार्ज दीपक ने बताया कि इस केस में थाना हुडा सेक्टर 13/17 में नीनू नाथ निवासी गढ़सरनाई की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पैरा जूडो में रोहित ने जीता गोल्ड

**पानीपत।** पानीपत के गांव बवाना लाखु के पैरा जूडो खिलाड़ी रोहित मलिक ने 14वीं नेशनल पैरा जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। यह चैंपियनशिप पैरा ओलिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और इंडियन ब्लाइंड एसोसिएशन के देखरेख में राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित की गई थी। वहीं, रोहित मलिक की इस उपलब्धि पर समस्त ग्रामवासियों, ग्राम पंचायत और दादा लाखु स्पोर्ट्स और सोशल संगठन ने खुशी व्यक्त की है। जबकि रोहित मलिक ने बताया कि वह रोजाना गांव के खेल के मैदान में अभ्यास करते हैं।

### ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर प्रदर्शन किया

**पानीपत।** हरियाणा बिजली निगम में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू किए जाने के विरोध में ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के बैनर तले इसराना सब डिवीजन के कर्मचारियों ने मंगलवार को तीन घंटे की हड़ताल की और धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बिजली कर्मचारी नेता धर्मवीर सिंह, संदीप राठी, बलकार सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेश रहेजा, विनोद कुमार आदि कर्मचारियों ने भाग लिया।

### स्कूल के गेट पर ताला लगा मिला

**पानीपत।** पानीपत में सर्दी और घने कोहरे के कारण बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पानीपत के गांव नौल्था स्थित प्राइमरी स्कूल में सुबह नौ बजे तक ताला नहीं खुला था, जिससे छोटे बच्चे कड़ाके की ठंड में बाहर ठिठुरते हुए स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे। स्मरणीय है कि नौल्था का गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नेशनल हाईवे पर गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर है। सर्दी और घने कोहरे के कारण बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।

### बिजली कर्मी नेता का निधन

**पानीपत।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन हेड आफिस भिवानी की थर्मल यूनिट के पूर्व उप प्रधान अशोक खासा का निधन हो गया। अशोक खासा पानीपत थर्मल पावर स्टेशन में आपरेटर-वन के पद पर कार्यरत थे। वे लीवर की बीमारी से पीड़ित थे, जिसके चलते दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अशोक के निधन पर बिजली कर्मियों व अधिकारियों ने शोक जताया है।

### अनैतिक कार्य करने का आरोपित किया गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत की बरसत रोड पर मलिक ग्रांड प्लाजा व होटल इलाइट होटल को किराए पर लेकर नैतिक कार्य करने पर होटल मालिक ललित मलिक ने खाली करने को कहा पर किराएदार द्वारा खाली नहीं किया गया। वहीं मलिक ने तहसील कैंप थाना पुलिस को शिकायत देकर उनका होटल खाली करवाने की मांग की है।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

# चौ.चरण सिंह की अर्थनीतियों को अपनाना होगा: आर्य रणदीप

*चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि महर्षि दयानन्द के उन सिद्धांतों के जीवंत संवाहक थे, जिन्होंने भारतीय समाज को जड़ता से मुक्त करने का आह्वान किया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत की चौटाला रोड स्थित सिवाह गोशाला में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि गांव सिवाह गोशाला के संरक्षक एवं सिवाह के सरपंच प्रतिनिधि आर्य रणदीप कादियान रहे और अध्यक्षता सिवाह गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान ने की। इस दौरान सभी ने स्वर्गीय चौ चरण सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया।



पानीपत। भारत रत्न चौ. चरण सिंह की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य रणदीप कादियान। *फोटो : हरिभूमि*

सरपंच रणदीप कादियान ने कहा कि 23 दिसंबर को किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती कृषि प्रेमी विश्व स्तर पर किसान दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत में भी जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर किसान दिवस समारोह आयोजित करके चौ.चरण सिंह को याद करते हैं। चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि महर्षि दयानन्द के उन सिद्धांतों के जीवंत संवाहक थे, जिन्होंने भारतीय समाज को जड़ता से मुक्त करने का आहवान किया था। उनके जीवन पर ऋषि दयानंद व स्वामी श्रद्धानंद का गहरा प्रभाव रहा। चौ.चरण सिंह ने महात्मा गांधी को अपना राजनीतिक गुरु, तो महर्षि दयानन्द को अपना आध्यात्मिक और सामाजिक पथ प्रदर्शक माना। छात्र जीवन में पढ़ी गई स्वामीजी की जीवनी ने उनके अंदर तेजस्वी भारत का स्वप्न बोया। गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का आभार जताया। वहीं, स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर उनको भी पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ नमन किया। इस मौके पर गौशाला के महासचिव राजबीर कादियान, उपप्रधान मनोज गोयत, सूबेदार राम सिंह, समाजसेवी संदीप कादियान, कैशियर प्रवीन शर्मा, राज सिंह कादियान आदि ने भारत रत्न चौ.चरण सिंह को नमन किया।

# नैतिक मूल्य ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव : अमित

- डीपीएस पानीपत सिटी जूनियर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी जूनियर में कक्षा एक और दो के होनहार विद्यार्थियों द्वारा बीकन ऑफ वैल्यूज विषय पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी कमांडेंट एवं सीआरपीएफ में सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ.समरजीत सिंह एवं राजिंदर छौक्कर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर एमईएस के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन अमित राणा ने कहा कि ये मूल्य ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। सभी को अपने व्यवहार और जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाना चाहिए। मुख्याध्यापिका सरिता विज ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मूल्यवान सोच ही सच्ची सफलता की पहचान है।



समालखा। डीपीएस पानीपत सिटी जूनियर में दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

## पानीपत से छात्रा लापता, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप थाना क्षेत्र की देशराज कालोनी में निवास कर रही पंद्रह वर्षीय छात्रा लापता हो गई। वहीं, छात्रा सोमवार सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इधर, छात्रा का परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है। परिजन भी अपने स्तर पर अपनी लडकी की तलाश कर रहे है। वहीं, परिजनों की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लडकी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने जहां इस मामले की गंभीरता को देखते हुए स्कूल प्रशासन से संपर्क किया है, वहीं, स्कूल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

## 31 विभागों ने स्टाल लगाकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मेगा लीगल लिटरेसी जागरूकता कैंप जिले के 31 विभागों के सर्विस स्टालों के साथ लगाया गया। कैंप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमार शर्मा, जिला पार्षद नारायण दत्त शर्मा, जलालपुर सरपंच सुशील कुमार, तमाशाबाद सरपंच गोविंद, उग्राखेड़ी सरपंच मीनू मलिक, निंबरी सरपंच मनोज मलिक, छाजपुर खुर्द सरपंच शकुंतला, पंच गोविंद सैनी, डिप्टी सीएमओ डॉ.ललित, प्रधानाचार्य संजय रावल आदि ने भाग लिया।

# ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें आमजन: भूपेंद्र सिंह

## साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे

- लुभावने ऑफर को देखकर लोग आसानी से फंस जाते हैं जाल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे, ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का तरीका भी अपनाया जा रहा है। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में एक से दो घंटे तक काम करके हजारों रूपये प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। इस प्रकार के लुभावने ऑफर को देखकर लोग आसानी से इनके जाल में फंस जाते है। एसपी सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए और अपनी निजी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें।



पानीपत के पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत: बलबीर सिंह

- पूर्व आईएएस बलबीर सिंह ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का मार्ग दर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय में मंगलवार को सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सेवानिवृत्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बलबीर सिंह ने उपस्थित ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर विशेष ध्यान देकर गांव के विकास में ध्यान दें क्योंकि सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि संवेदनशील होंगे तो सामाजिक ढांचा मजबूत होगा और लोग आर्थिक तौर के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की बहुत जरूरत है। शिक्षा से ही सही नागरिक तैयार किया जा सकते हैं। आज परिवारों की गांव में से शहरों की तरफ शिफ्टिंग हो रही है। उसके पीछे शिक्षा ही है क्योंकि हर अभिभावक चाहता है कि उसके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। इसीलिए वे शहरों की तरफ जाते हैं।



पानीपत। पूर्व आईएएस बलबीर सिंह, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

### व्यावहारिक ज्ञान दें

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ गांव के बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान भी देना जरूरी है और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूकता अभियान चलाएं। बच्चों को अनुशासन परिवार या स्कूल में सिखाया जा सकता है इसलिए स्कूल की नींव बच्चों से ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण इस पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि यही आज की मूलभूत सुविधाओं में सबसे प्रथम श्रेणी पर हैं। उन्होंने कहा कि गांव में सफाई के लिए भी लोगों की सहभागिता जरूरी है। सरपंच बिना किसी लाग लपेट और बिना किसी भेदभाव के न्याय संगत रहें और सभी को साथ लेकर चलें।



पानीपत। ग्रीनमैन प्रो.दलजीत, श्रद्धालुओं को कपूर तुलसी के पौधे भेंट करते हुए।

### ग्रीनमैन दलजीत ने श्रद्धालुओं को कपूर तुलसी के पौधे

**पानीपत।** देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने अपनी धर्मपत्नी मनजीत कौर के साथ मिलकर अपने सुपुत्र प्रभास सिंह के नाम से अखंड पाठ एवं गुरु के लंगर का आयोजन श्रद्धा, सेवा और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ करवाया। इस धार्मिक कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, प्रिंसिपल चमनलाल, आर्य कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ जगदीश गुप्ता, प्रिंसिपल महेंद्र सिंह बागी, प्रिंसिपल सुरेंद्र नागिया, प्रिंसिपल रितु नेहरा, प्रिंसिपल कुलबीर सिंह, दिनेश शर्मा सोशल मीडिया पीए, विधायक पानीपत, रविन्द्र सिंह, अनीता, प्रोफेसर संघ के प्रधान प्रो. राजेश रांझा, मेहुल जैन, चमनलाल गुलाटी, राजबाला गुर, सुरेश कुमार, संदीप कल्याणी समेत बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं, पर्यावरणीय अभियानों ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा, ग्रीन भारत के तहत प्रो. दलजीत कुमार व मनजीत कौर ने कार्यक्रम में पधारे प्रत्येक अतिथि को कपूर तुलसी के पौधे भेंट किए। वहीं सभी ने प्रभास सिंह को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। जबकि, हरपाल ढांडा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रो. दलजीत कुमार द्वारा किया गया यह आयोजन आध्यात्मिकता और पर्यावरण चेतना का सुंदर संगम है।

### 15 दिन से चल रहा विवाद सुलझा

**पानीपत।** पानीपत के उपमंडल इसराना स्थित लक्ष्मी नगर में गली निर्माण को लेकर 15 दिन से चल रहा विवाद सुलझ गया है। डीडीपीओ राजेश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर कॉलोनीवासियों से बातचीत की, कागजात की जांच की। वहीं, शर्मा ने कहा कि कोर्ट ने बैंक के पीछे वाली गली को 39 फुट चौड़ा बनाने का आदेश दिया है। इस आदेश के खिलाफ दूसरा पक्ष कोई कार्रवाई नहीं कर सका, इसलिए गली का निर्माण 39 फुट ही होगा। डीडीपीओ शर्मा ने कोर्ट के आदेश को प्राथमिकता देते हुए सरपंच राजेश जागलान को निर्देश दिए कि गली का निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए। यदि कोई विवाद होता है, तो समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की सहायता ली जाए।

### सेंट मैरी स्कूल में मनाया क्रिसमस पर्व

**पानीपत।** सेंट मैरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस डे के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड से हुई, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों को आकर्षित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर सुदीप (आईएमएस) रहे। इधर, स्कूल मैनेजर फादर कार्तिक एबल ने मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और फादर अनिल ने मुख्य अतिथि को पौधा देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्या सिस्टर दीपा सेबेस्टियन ने हॉली अपना स्कूल की अध्यापिकाओं को पौधा देकर सम्मानित किया। जबकि विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया। इधर, फादर सुदीप ने विद्यार्थियों को शांति, भाईचारे एवं सद्भावना का संदेश दिया।



सेंट मैरी स्कूल में क्रिसमस पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### बलिदान दिवस पर स्वामी श्रद्धानंद को नमन किया

**पानीपत।** आर्य समाज के प्रखर वेद वक्ता, उच्चकोटि के अधिवक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी श्रद्धानंद को उनके बलिदान दिवस पर आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्पोर्टस डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं, वीरेंद्र आर्य प्रधान ने विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वामी श्रद्धानंद जी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### बिजली कर्मियों ने हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन किया

पानीपत। एएचपीसी वर्कर यूनियन के आह्वान पर प्रदेश भर में सभी सब यूनिट एवं सब डिवीजन स्तर पर सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया गया। यह सांकेतिक हड़ताल कुल तीन घंटे के लिए रखी गई। जिसमें सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी सब डिवीजनों में एसडीओ अधिकारियों के माध्यम से बिजली मंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। हड़ताल का मुख्य मुद्दा बिजली विभाग में लागू की गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करवाना रहा। यूनियन ने स्पष्ट किया कि बिजली जैसी आपातकालीन, जटिल एवं जोखिम भरी सेवा में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है।

### बच्चों की सुरक्षा अहम

**पानीपत।** जिला उपायुक्त एवं जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिले में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की सभी बाल कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समय पर पहुँचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिला सचिवालय से सभागार में मंगलवार को चाइल्ड वेलफेयर एंड प्रोटेक्शन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

### मेधावी वशिंका को किया पुरस्कृत

**पानीपत।** पानीपत में गुर्जर भवन में गुर्जर कल्याण परिषद की ओर से गांव जलालपुर प्रथम निवासी सचिन रावल की पुत्री वशिंका रावल को दसवीं कक्षा की मेरिट में आने पर सम्मानित किया गया। वंशिका के सम्मान मिलने से परिजनों व ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर गुर्जर सभा के जिला प्रधान जोगिन्द्र रावल, मुख्यातिथि एसीपी फरीदाबाद राकेश चेची, डा.सुसैन चौधरी, राजबीर छौक्कर, विनोद रावल, संजय रावल, डा.मनोज, राजकुमार छौक्कर, मोहकम छौक्कर आदि ने वंशिका को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## एसडी कॉलेज में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज का आयोजन

# ट्रैफिक नियमों का पालन करने से नहीं होंगे हादसे

*एसडीएम मंदीप कुमार ने किया क्विज का उद्घाटन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा के साथ विजेता विद्यार्थी व अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में कॉलेज एनएसएस यूनिट्स एवं कॉलेज रोड सेफ्टी क्लब की देख-रेख में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज हुआ। क्विज का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मंदीप कुमार एसडीएम ने किया। जबकि डीएसपी सिटी राजबीर सिंह, एसएचओ अनिल कुमार, पुलिस विभाग से करमबीर और रोहित ने क्विज के आयोजन में सहयोग दिया। इधर, अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पुष्प-रोपित गमलें भेंट कर किया। वहीं, एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की मदद करने का गुण हर युवा में होना चाहिए। वाहनों की बढती संख्या ने सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दे को प्रासंगिक बना दिया है। अब सड़क पर चलने वाले हर इंसान की जान को बचाना और संजोना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यातायात संबन्धित ज्यादातर समस्याएं युवाओं से जुड़ी है। ऐसे में हर युवा का दावित्व है कि वह आने वाली पीढ़ियों को निराश न करे और सड़क सुरक्षा को मन से अपनाए और सड़क सुरक्षा के नियमों को पढ़े, समझें और ईमानदारी से पालन करें।

**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय यातायात प्रश्नोत्तरी क्विज आज

**अंबाला।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात एवं हाईवे करनाल के नेतृत्व तथा पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में अम्बाला पुलिस द्वारा 24 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय यातायात प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर में आयोजित होगी।

### 10.43 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

**अम्बाला।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत एएनसी अम्बाला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम 43 मिलीग्राम हेरोइन व मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र में सुभाष पार्क के पास नाकाबंदी कर आरोपी सिकंदर उर्फ अनोखा, निवासी डेहा कॉलोनी को काबू किया। आरोपी के विरुद्ध थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया

**अम्बाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभाव, महिला सुरक्षा, महिला अधिकारों, साइबर अपराध व यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बस स्टैंड अम्बाला शहर, वीकेएस स्कूल नारायणगढ़ तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर में छात्र-छात्राओं व आमजन को जागरूक किया गया। मौके पर डायल-112 ऐप, महिला हेल्पलाइन 1091, एनसीबी मानस पोर्टल 1933, साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई।

### मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत थाना साहा पुलिस ने मंदिर चोरी के मामले में आरोपी राजन, निवासी रविदासिया मोहल्ला, साहा को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता पंचराम ने बताया था कि 20/21 दिसंबर की रात मंदिर का ताला तोड़कर गुल्लक से नकदी चोरी की गई। पुलिस ने आरोपी से नकदी, लोहे की रॉड व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

### धोखाधड़ी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर भेजा

**अम्बाला।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत आर्थिक अपराध शाखा ने थाना महेशनगर में दर्ज जमीन खरीद-फरोख्त धोखाधड़ी मामले में आरोपी नवाब सिंह, निवासी गांव केशोपुर को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता बशीर अहमद ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उससे बड़ी रकम लेकर धोखाधड़ी की। आरोपी को न्यायालय से दो दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है।

### फर्जी वसीयत से जमीन हड़पने का आरोपी दबोचा

**अम्बाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज फर्जी वसीयत व मुख्त्यारनामा के माध्यम से जमीन धोखाधड़ी मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी प्रवेश कुमार, निवासी बद्दी (हिमाचल प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी से तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

### मारने की धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत थाना अम्बाला सदर पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों राजन व हर्ष, निवासी देवीनगर को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता कर्मबीर सिंह के अनुसार आरोपियों ने रास्ता रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

---

शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# 1 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**पूर्व मंत्री असीम के प्रयासों से वार्डों में हो रहे विकास कार्य: गुप्ता**






**अंबाला।** शुभारभ करते पूर्व मंत्री असीम गोयल के निजी सचिव व बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर में विकास कार्यों की गति लगातार तेज होती जा रही है। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से शहर के विभिन्न वार्डों में करीब 1 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों से शहरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विकास कार्यों का उद्घाटन पूर्व मंत्री असीम गोयल के निजी सचिव सौरभ गुप्ता, स्थानीय पार्षदों तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष आनन्द, गुरविंदर सिंह एवं अमन सूद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों में लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं को ध्यान में रखते हुए कई आवश्यक कार्यों की शुरुआत की गई। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 6 में श्मशान घाट की पार्किंग में टाइलें लगाने तथा परिसर में कमरों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। वार्ड नंबर 2 में श्मशान घाट के लिए शेड निर्माण की आधारशिला रखी गई। वहीं वार्ड नंबर 1 में स्टॉर्म वाटर ड्रेन के निर्माण से जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके अतिरिक्त वार्ड नंबर 12 में नाले के निर्माण और वार्ड नंबर 11 में श्मशान घाट के पुनर्निर्माण का कार्य भी प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी अंबाला शहर के सभी वार्डों में इसी तरह विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे शहर को और अधिक स्वच्छ, सुगम और आधुनिक बनाया जा सके। कार्यक्रम में डिप्टी मेयर राजेश मेहता, पार्षद अर्चना छिब्बर, फकीर चंद, मनीष आनन्द, जसबीर सिंह, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, अमन सूद, भाजपा नेता गुरप्रीत शाना, योगेश साहनी, मुकेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अंबाला में जलभराव व बाढ़ नियंत्रण को लेकर 26 नई परियोजनाओं का प्रस्ताव भेजा

**अंबाला।** अंबाला जिले में बरसात के मौसम के दौरान जलभराव व बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में अंबाला जिले के लिए 26 नई परियोजनाओं का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा अंबाला ड्रेन और मॉडल टाउन ड्रेन से संबंधित दो मुख्यमंत्री घोषणाएं भी प्रस्तावित हैं। साथ ही उपायुक्त द्वारा अन्य 9 एजेंडों के प्रस्ताव भी रखे गए, जिन पर एसीएस ने प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की अलग से समीक्षा बैठक ली, जिसमें बरसात के दौरान जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए विभागों के पास उपलब्ध पंप, मशीनरी, उपकरण, उनकी संख्या, चालू एवं मरम्मताधीन पंपों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि इस प्री-रिव्यू बैठक का उद्देश्य जिले के सभी बाढ़ संभावित एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां समय रहते रोकथाम कार्यों की योजना बनाना है, ताकि मानसून से पहले प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस विषय पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में बैठक प्रस्तावित है, जिसके मद्देनज़र सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से जुड़े कार्यों व प्रस्तावों को प्राथमिकता से पूरा करें। बैठक के दौरान एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए।



**अंबाला।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

## अंबाला: फिलाडेल्फिया अस्पताल में क्रिसमिस टेल २०१५ का आयोजन

- प्रभु यीशु मसीह के जन्म की कथा को जानवरों के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

फिलाडेल्फ़िया हॉस्पिटल अंबाला सिटी के ओपीडी हॉल में बहुप्रतीक्षित "क्रिसमस टेल–2025" का भावपूर्ण, रचनात्मक एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रभु यीशु मसीह के जन्म की कथा को इस बार अस्तबल में रहने वाले जानवरों के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों के हृदय को गहराई से छू लिया। नाटक में बिल्ली, कुत्ता, गधा, गाय, खच्चर और भेड़िये के माध्यम से यह प्रभावशाली संदेश दिया गया कि संसार के उद्धारकर्ता के जन्म को सबसे पहले पहचानने और अपनाने वाले वही थे, जिन्हें समाज अक्सर तुच्छ समझता है। उत्तर दिशा से चमकते तारे का अनुसरण करते आए तीन ज्ञानी राजाओं, अपने झुंडों की रखवाली करते चरवाहों तथा स्वर्गदूतों द्वारा सुनाए गए "महान आनंद के शुभ समाचार" का मंचन अत्यंत प्रभावशाली रहा। नाटक का केंद्रीय संदेश था-"जब जानवरों ने प्रभु यीशु के लिए अपना ठिकाना और सुविधा छोड़ दी, तो आज हम उनके लिए क्या छोड़ने और अपनाने को तैयार हैं?"

दर्शकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता दिखाई दिया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सादिक ने कलाकारों एवं आयोजन समिति को आशीर्वाद दिया। अपने संबोधन में कहा कि जिस राजा ने इतिहास को दो भागों में बाँट दिया, उसका जन्म महलों में नहीं बल्कि एक साधारण अस्तबल में हुआ। यही सच्चे नेतृत्व, नम्रता और प्रेम की पहचान है। कार्यक्रम का शुभारंभ रेव्ड. एडिनो, प्रेस्बिटर, सीएनआई द्वारा प्रार्थना के साथ हुआ। कहा कि यीशु मसीह स्वर्ग से उतरी वह पवित्र रोटी हैं, जो मानवता को जीवन, आशा और उद्धार प्रदान करती है।

## साहिबजादों की शहादत बारे जानकारी दी

- साहिबजादों की महान शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में श्री गुरु गोबिंद साहिब जी के परिवार के विछोड़े एवं साहिबजादों की महान शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं तक के छात्रों को कार्यक्रम में सम्मिलित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्री-नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों द्वारा श्री गुरु गोबिंद साहिब जी के चारों साहिबजादों के जीवन एवं बलिदान पर प्रकाश डालते की गई। इसके उपरांत 7वीं 8वीं के छात्रों ने कविता पाठ एवं जफरनामा का भावपूर्ण वाचन कर सभी को भावविभोर कर दिया।



**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। *फोटो: हरिभूमि*

**शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया**

विद्यालय के अध्यापकों द्वारा शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को छोटे साहिबजादों एवं माता गुजरी जी द्वारा दी अद्वितीय शहादत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को इतिहास से अवगत कराते हुए बताया गया कि किस प्रकार साहिबजादों ने सूबे की कचहरी में बुलंद हौसले के साथ इस्लाम स्वीकार करने से इंकार किया और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या वरिंद्र कौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे साहिबजादों एवं श्री गुरु गोबिंद साहिब जी के परिवार की शहादत के कारण ही आज हम स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय का विरोध करने तथा धर्म और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बिस्कुट, ब्रेड एवं चाय का प्रसाद वितरित किया गया।

## नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए किया प्रेरित

- बाल सुधार गृह में नशा विरोधी जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला की ओर से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रवीन के मार्गदर्शन में बाल सुधार गृह, अंबाला में नशा विरोधी अभियान के तहत जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल पीएलवी बिम्पी रेखी तथा कला धारा आर्ट ग्रुप का सहयोग रहा। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बिम्पी रेखी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया और बताया कि नशे की लत से ग्रसित व्यक्ति को घृणा नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और उपचार की आवश्यकता होती है।



**अंबाला।** नशा जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

**एकजुट हो आवाज उठाएं**

कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रवीन ने बच्चों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं और स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस दौरान कला धारा आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति प्रभावी ढंग से जागरूक किया। कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला की हेल्पलाइन 0171-2532142 तथा एनएएलएसए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

## स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया



**नारायणगढ़।** मंगलवार को आर्य समाज नारायणगढ़ के प्रांगण में महर्षि दयानंद के अनन्य शिष्य, गुरुकुलीय शिक्षा के प्रबल समर्थक एवं बुद्धि आंदोलन के संवाहक स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्वामी श्रद्धानंद के जीवन संघर्ष, त्याग और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि सन 1856 में जालंधर जिले के तलवन गांव में नानकचंद के घर जन्मे मुंशी राम का प्रारंभिक जीवन पाश्चात्य शिक्षा से प्रभावित रहा, किंतु महर्षि दयानंद सरस्वती के सान्निध्य और उनके तर्कपूर्ण विचारों से प्रेरित होकर वे महात्मा मुंशी राम से स्वामी श्रद्धानंद बने और अपना संपूर्ण जीवन समाज व राष्ट्र सेवा को समर्पित कर दिया।

## म्यूजिकल कार्यक्रम हसीन शाम को लेकर बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बाला

गुदगुदी जंक्शन समूह अम्बाला द्वारा प्रस्तावित म्यूजिकल कार्यक्रम "इक हसीन शामङ्ख" को लेकर मंगलवार को मॉडल टाउन स्थित वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेन्द्र धीमान के प्रतिष्ठान में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मार्गदर्शक मंडल सदस्य (केंद्रीय कार्यकारिणी) डॉ. संजय गौतम ने की, जबकि संचालन अम्बाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने किया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि यह म्यूजिकल कार्यक्रम रविवार, 28 दिसम्बर को अंबाला क्लब में दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम म्यूजिकल ग्रुप "गाता रहे मेरा दिल" के तीसरे स्थापना दिवस तथा शहंशाह-ए-तरन्नुम मोहम्मद रफ़ी और अभिनेता धर्मेंद्र की स्मृति को समर्पित होगा। डॉ. संजय गौतम, अम्बाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख इंद्र परुथी मौजूद रहे।



बैठक में भाग लेते हुए सदस्य।

## स्वदेशी नवाचारों पर आधारित आकर्षक मॉडल बनाए

- लाला अमी चंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

हरियाणा सरकार द्वारा पंचकुला में आयोजित स्वदेशी महोत्सव 2025 में लाला अमी चंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी उगाला के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। यह महोत्सव स्वदेशी विचारधारा, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया। इस महोत्सव में कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने फार्मास्युटिकल विज्ञान से जुड़े आधुनिक व स्वदेशी नवाचारों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें निर्णायक मंडल और दर्शकों ने सराहा।




**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। *फोटो: हरिभूमि*

**क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन**

वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वदेशी आंदोलन की वर्तमान प्रासंगिकता पर ओजस्वी और प्रेरणादायक विचार रखे। क्विज प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम हर्षप्रीत, पुष्पमीत और मुस्कान ने उत्कृष्ट ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता और बेहतर टीमवर्क का परिचय देते प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। कॉलेज प्रबंधन एवं प्राचार्य ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें बधाई दी।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया संबोधित

# गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं का समाधान खोजने की कुंजी: सुधीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं का समाधान खोजने की कुंजी है। यह विचार जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राजकीय वमावि जटवाड़ा में व्यक्त किए। उन्होंने छात्रों को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और गणित के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को जटवाड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा अर्जित शैक्षणिक दक्षताओं की जांच की तथा अध्यापकों के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। राजकीय वमावि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में गतिविधियों का अवलोकन करते हुए सुधीर कालड़ा ने कहा कि गणित न केवल शैक्षणिक विषय है, बल्कि यह तार्किक सोच, समस्या समाधान और जीवन कौशल विकसित करने में सहायक है।



**अंबाला।** बच्चों को सम्मानित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला।

**स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाएं**

ग्राम पंचायत के सहयोग से विद्यालय परिसर में नवनिर्मित प्रार्थना सभा शेड का विधिवत उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी के करकमलों से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नीलम शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में डीईओ ने विद्यार्थियों को विकसित भारत–2047 के लक्ष्य से जोड़ते स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने, प्लास्टिक मुक्त वातावरण अपनाने तथा स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शेड निर्माण में सहयोग के लिए ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए गांव के सरपंच वीरेंद्र सिंह सोनी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही राज्य स्तरीय रेडक्रॉस कैंप की लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नंदिनी तथा 'बेस्ट कोऑर्डिनेटर ऑफ जूनियर रेडक्रॉस' चयनित छात्रा कनिका को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षरता उन्मूलन में योगदान देने पर छात्राएं संजना, रितिका और कनिका की सराहना की गई।



## राजकीय आईटीआई भारांपुर में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शहजादपुर।** राजकीय आईटीआई भारांपुर में प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा-निर्देशन में रेड रिबन क्लब के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहजादपुर के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को / एड्स के कारणों, बचाव, जांच एवं उपचार के संबंध में सही जानकारी प्रदान करना रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आईसीटीसी काउंसलर सुदेश व लैब टेक्नीशियन ने विद्यार्थियों को बताया कि एचआईवी/एड्स से बचाव संभव है तथा समय पर जांच व नियमित उपचार से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। एचआईवी से जुड़े सामाजिक भेदभाव व भ्रांतियों को दूर करने पर भी जोर दिया।